# 6. जनतंत्र का जन्म

लेखक → रामधारी सिंह दिनकर (राष्ट्रकवि)

जन्म → 23 Dec 1908

निधन → 23 Apr 1974

माता → मनरूप देवी

पिता → रवि सिंह

प्रारंभिक → गाँव या आस-पास के स्कूल से

→ 1998 मे इन्होंने मोकामा घार पसा रेलवे हाईस्कूल से मैट्रिक तथा 1932 मे पटना कॉलेज से इतिहास में B.A किए |

→ बिहार विश्व विद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर तथा भागलपुर विश्वविद्यालय में उपकुल पति के पद रहे है |

→ दिनकर जी कवि के साथ-साथ गद्यकार थे |

→ प्रमुख रचना :- प्रण-भंग, रेनुका, हूंकार, कुरुक्षेत्र, रसपंती, नीलकुसुम, उर्वशी, परशुराम की प्रतिज्ञा -

→ गद्य कृति :- मिट्टी की ओर, अर्धनारीश्वर संस्कृति के चार अध्याय कविता की खोज, दिनकर की डायरी -

→ संस्कृति के चार अध्याय पर साहित्य अकादमी पुरस्कार और उर्वशी पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है |

→ भारत सरकार की ओर से पद्मविभूषण मिला है |

→ ये राजसभा के सांसद रह चुके है |

→ दिनकर जी उत्तर छायावाद के कवि है |

1. कवि की दृष्टि में समय रथ का घर्घर – नाद क्या है ?

Ans - पराधीनता की समाप्ति तथा स्वाधिनता की प्राप्ति कवि की दृष्टि में समय के रथ का घर्घर नाद है | अर्थात जनता का समय आया अपना जनतंत्र कायम करने का |

2. कविता के आरंभ में कवि भारतीय जनता का वर्णन किस रूप में करता है ?

Ans - कविता के आरंभ में कवि भारतीय जनता का वर्णन 'अबोध, मूर्ख, मिट्टी की मुरत के रूप में किया है, जो सबकुछ सहती आ रही है |

3. कवि के अनुसार किन लोगों की दृष्टि में जनता फूल या दुधमुँही बच्ची की तरह है?

Ans - कवि की दृष्टि में राजनायक लोगों के नजर मे जनता दुधमुही बच्ची की तरह है, क्योंकि राजनायक लोग अपनी सिंहासन सजाने के लिए, जनता को दुधमुही बच्ची की तरह जनता को कुछ देकर उनका मन बहलाकर राज्य का उपयोग कर ले |

4. कवि जनता का स्वपन किस तरह खींचता है ?

Ans - कवि जनता का स्वपन का चित्र अजय दो अन्धकार का भी वृक्ष - स्थल चीर डाले, इस प्रकार उमड़ता हुआ खींचा है |

5. विराट जनतंत्र का स्वरूप क्या है ? कवि किनके सिर पर मुकुट धरने की बात करता है और क्यों?

Ans- भारत के विराट जनतंत्र का स्वरूप 33 करोड़ जनता के सिर पर मुकुट रखने की बात करता है, क्योंकि प्रजातंत्र मे प्रजा ही राजा होता है |

6. कवि की दृष्टि में आज के भगवान कौन है और वे कहा मिलेंगें ?

Ans - कवि की दृष्टि में आज के भगवान जनता है और वे सड़को पर पत्थर तोड़ते मिलेंगें | खेतों मे हल जोतते मिलेगें।

**Q 1. दिनकर की दृष्टि में समय के रथ का घर्घर-नाद क्या है ? स्पष्ट करें।**

उत्तर :- कवि ने सदियों से राजतंत्र से शासित जनता की जागृति को उजागर करते हुए समय के चक्र की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है। राजसिंहासन पर प्रजा आरूढ़ होने जा रही है। समय की पुकार ही क्रांति की शंखनाद के रूप में रथ का घर्घर-नाद है।

**Q 2. कवि की दृष्टि में आज के देवता कौन हैं और वे कहाँ मिलेंगे ?**

उत्तर :- कवि ने भारतीय प्रजा, जो खून-पसीना बहाकर देशहित का कार्य करती है, जिसके बल पर देश में सुख-संपदा स्थापित होता है, किसान, मजदूर जो स्वयं आहूत होकर देश को सुखी बनाते हैं, को आज का देवता कहा है।

**Q 3. कवि के अनुसार किन लोगों की दृष्टि में जनता फूल या दुध मुँही बच्ची की तरह है और क्यों ? कवि क्या कहकर उनका प्रतिवाद करता है ?**

उत्तर :- अंग्रेजी सरकार भी भारत की जनता को अबोध समझकर कुछ प्रलोभन देकर राजसुख में लिप्त है। वह समझती है कि जनता फूल या दुधमुंही बच्ची की तरह है लेकिन इसके प्रतिकार में कवि ने कहा है कि जब भोली लगनेवाली जनता जाग जाती है, जब उसे अपने में निहित शक्ति का आभास हो जाता है तब राजतंत्र हिल उठता है।

**Q 4. कवि जनता के स्वप्न का किस तरह चित्र खींचता है ?**

उत्तर :- भारत की जनता सदियों से, युगों-युगों से राजा के अधीनस्थ रही है लेकिन कवि ने कहा है कि चिरकाल से अंधकार में रह रही जनता राजतंत्र को उखाड़ फेंकने के स्वप्न देख रही है। राजतंत्र समाप्त होगा और जनतंत्र कायम होगा। राजा नहीं बल्कि प्रजा राज करेगी।

**Q 5. कविता का मूल भाव क्या है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ? अथवा, 'जनतंत्र का जन्म' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें।**

उत्तर :- प्रस्तुत कविता आधुनिक भारत में जनतंत्र के उदय का जयघोष है। सदियों की पराधीनता के बाद स्वतंत्रता-प्राप्ति हुई और भारत में जनतंत्र की प्राण-प्रतिष्ठा हुई । जनतंत्र के ऐतिहासिक और राजनीतिक अभिप्रायों को कविता में उजागर करते हुए कवि यहाँ एक नवीन भारत का शिलान्यास करता है जिसमें जनता ही स्वयं सिंहासन पर आरूढ़ होने का है। इसमें कवि ने जनता निहित शक्ति को उजागर करते हुए जनतंत्र की महत्ता को स्थापित करने पर बल दिया है। राजतंत्र की जड़ को उखाड़ फेंकने की ताकत जनता में है और राजसिंहासन का वास्तविक अधिकारी प्रजा ही है, ऐसा चित्रण किया गया है।

**Q 6. कविता के आरंभ में कवि भारतीय जनता का वर्णन किस रूप में करता है ?**

उत्तर :- कविता के आरंभ में कवि ने भारतीय जनता की सरल एवं विनीत छवि का वर्णन किया है। कवि ने कहा है कि जनता सहनशील होती है, जाडा-गर्मी सबको सहती है, दु:ख-सुख में एकसमान रहती है। मिट्टी की मूरत की तरह अबोध है । जनता फल की तरह है जिसे जब चाहो, जहाँ जिस रूप में रख दो । जनता अबोध बालक है जिसे छोटे प्रलोभन देकर प्रसन्न किया जा सकता है, अर्थात् भारत की भोली-भाली जनता असहनीय पीड़ा को चुपचाप सहकर भी मूक बनी रहनेवाली है। राजा द्वारा शोषित होने पर भी प्रतिकार नहीं करती है।

**Q 7. "देवता मिलेंगे खेतों में खलिहानों में" पंक्ति के माध्यम से कवि किस देवता की बात करते हैं और क्यों ?**

उत्तर :- उपरोक्त पंक्ति के माध्यम से कवि जनतारूपी देवता की बात करते हैं, क्योंकि कवि की दृष्टि में कर्म करता हुआ परिश्रमी व्यक्ति ही देवतास्वरूप है। मंदिरों-मठों में तो केवल मूर्तियाँ रहती हैं वास्तविक देवता वे ही हैं जो अपने कर्म तथा परिश्रम से समाज को सुख-समृद्धि उपलब्ध कराते हैं।

## Q 8. दिनकर रचित 'जनतंत्र का जन्म' शीर्षक कविता का सारांश लिखें।

उत्तर :- 'जनतंत्र का जन्म' शीर्षक कविता आधुनिक भारत में जनतंत्र के उदय की जयघोष है। समय का रथ सिंहासन की ओर बढ़ता आ रहा है। वह सिंहासनासीन अधिनायक से कहता है कि अब तुम सिंहासन का मोह त्याग दो। इसपर केवल जनता का अधिकार है। उसी जनता का इस सिंहासन पर अधिकार है जो युगों से पद-दलित रही है और जिसने अपने शोषण के विरुद्ध कभी आवाज नहीं उठाई है। वह जनता अब कोई दुधमुंही बच्ची नहीं रही जिसे खिलौनों से बहलाया जा सकें। जनता कोपाकुल होकर जब अपनी भृकुटि चढ़ाती है तो भूचाल आ जाता है। बड़े-बड़े बवंडर उठने लगते हैं। उनके हुँकारों में महलों को उखाड़ फेंकने की ताकत है, उनकी साँसों में ताज को हवा में उड़ा देने का बल है। जनता की राह को रोकने की क्षमता किसी में भी नहीं है। वह अपने साथ काल लिए चलती है। काल पर भी उसका शासन चलता है। सुनो, वह जनता युगों के शोषण के अंधकार को चीरती हुई बड़े वेग के साथ सिंहासन की तरफ आ रही है। संसार का सबसे बड़ा जनतंत्र सिंहासन के पास खड़ा है। उसका हृदय से अभिषेक करो। अब तुम्हारा समय नहीं रहा। अब प्रजा का समय है।

देवता, मंदिरों, राजप्रासादों और तहखानों में निवास नहीं करते। वास्तविक देवता तो खेतों में, खलिहानों में हल चलाते मिलेंगे; कहीं सड़कों पर गिट्टी तोड़ते और फावड़े चलाते मिलेंगे। अब उन्हीं किसानों और मजदूरों की बारी है। अब वे ही राज सिंहासन पर आरूढ़ होंगे। सिंहासन खाली कर देने में तुम्हें कोई आना-कानी नहीं करनी चाहिए।

1. 'जनतंत्र का जन्म' शीर्षक कविता के कवि का क्या नाम है?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) अज्ञेय

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन

ANS – (A)

2. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर का जन्म कब हुआ है?

(A) 18 फरवरी, 1916

(B) 23 सितम्बर, 1908

(C) 18 अक्टूबर, 1916

(D) 18 जुलाई, 1916

ANS – (B)

3. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म ..... जिले में हुआ

(A) जमुई

(B) मुजफ्फरपुर

(C) बेगूसराय

(D) सीतामढ़ी

ANS – (C)

4. 'सदियों की ठंडी बुझी राख सुगबुगा उठी, मिट्टी इठलाती हैं। यह पक्ति है- सोने का ताज पहन

(A) दिनकर की

(B) निराला की

(C) महादेवी की

(D) अज्ञेय की

ANS – (A)

5. राष्ट्रकवि दिनकर के पिता थे-

(A) राजा सिंह

(B) रवि सिंह

(C) रामा सिंह

(D) रामाकांत सिंह

ANS – (B)

6. दिनकर को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(A) संस्कृति के चार अध्याय

(B) रेणुका

(C) उर्वशी

(D) कोई नहीं

ANS – (B)

7. राज्यसभा के सांसद रहे कवि हैं -

(A) सुमित्रानंदन पंत

(B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) हजारी प्रसाद 'द्विवेदी'

(D) अज्ञेय

ANS – (B)

8. किस रचना के लिए दिनकर को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(A) रश्मिरथी

(B) संस्कृति के चार अध्याय

(C) दुकार

(D) अर्धनारीश्वर

ANS – (B)

9. कवि दिनकर किसके लिए सिंहासन खाली करने की बात करते हैं?

(A) राजा के लिए

(B) मंत्री के लिए

(C) जनता के लिए

(D) वीरों के लिए

ANS – (C)

10. कवि दिनकर की दृष्टि में आज के देवता कौन हैं ?

(A) भारतमाता

(B) ईश्वर

(C) अल्लाह

(D) मजदूर, किसान

ANS – (D)

11. दिनकरजी कवि के साथ-साथ थे।

(A) उपन्यासकार

(B) आलोचक

(C) गद्यकार

(D) इनमें से कोई नहीं

ANS – (C)

12. राष्ट्रकवि दिनकर की कौन-सी कविता आधुनिक भारत में जनतंत्र के उदय का जयघोष है?

(A) जनतंत्र का जन्म

(B) स्वदेशी

(C) भारतमाता

(D) लौटकर फिर आऊँगा

ANS – (A)

13. राष्ट्रकवि दिनकर को सम्मानित किया गया था

(A) पद्मविभूषण से

(B) ज्ञानपीठ पुरस्कार से

(C) साहित्य अकादमी

(D) उपर्युक्त सभी

ANS – (D)

14. दिनकरजी किस विश्वविद्यालय में उपकुलपति के पद पर रहे थे?

(A) नालन्दा विश्वविद्यालय

(B) भागलपुर विश्वविद्यालय

(C) मिथिला विश्वविद्यालय

(D) वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय

ANS – (B)

15. सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी

मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है। प्रस्तुत पक्तियाँ किस कविता की हैं?

(A) स्वदेशी

(B) भारतमाता

(C) जनतंत्र के जन्म

(D) मेरे बिना तुम प्रभु

ANS – (C)

16. मिट्टी की अबोध मूरतें कौन हैं?

(A) नेता

(B) जनता

(C) अधिकारी

(D) मंत्री

ANS – (B)

17. कवि दिनकर किनके सिर पर मुकुट धरने की

बात करते हैं?

(A) जनता के

(B) भारतमाता के

(C) राजा के

(D) सैनिकों के

ANS – (A)

18. कवि के अनुसार किससे महलों की नींव उखड़ जाती है?

(A) हवा से

(C) हुंकारों से

(B) समय से

(D) बवंडर से

ANS – (C)

19. इनमें से कौन-सी रचना दिनकर जी की नहीं है?

(A) उर्वशी

(B) संस्कृति के चार अध्याय

(C) रश्मिरथी

(D) ग्राम्या

ANS – (D)

20. 'फावड़े और हल' राजदंड बनने को हैं यह पंक्ति किस कविता की है?

(A) जनतंत्र का जन्म

(B) स्वदेशी

(C) हिराशिमा

(D) भारतमाता

ANS – (A)

21. दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना पर

मिला?

(A) हुकार

(C) इन्द्रगीत

(B) रश्मिरथी

(D) उर्वशी

ANS – (D)

22.आधुनिक भारत में जनतंत्र के उद्‌घोष है

(A) जनतंत्र का जन्म

(B) भारतमाता

(C) स्वदेशी

(D) लौटकर फिर आऊँगा

ANS – (A)

23. रामधारी सिंह दिनकर हाई स्कूल को शिक्षा किस स्कूल से प्राप्त की थी?

(A) पटना हाई स्कूल

(B) पटना कॉलेजिएट

(C) टी०के० घोष हाई स्कूल

(D) मोकामाधाट रेलवे हाई स्कूल

ANS – (D)

24. 'संस्कृति के चार अध्याय' किनकी रचना है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) प्रेमघन

(C) वीरेन डंगवाल

(D) अज्ञेय

ANS – (A)

25. जनतंत्र का जन्म कविता में कवि भारत की जनता की तुलना किससे करते हैं?

(A) अंग्रेजों से

(C) फूलों से

(B) काँटों से

(D) मुकुट से

ANS – (C)

26. कवि के अनुसार आज के देवता कहाँ मिलेंगे?

(A) मंदिरों में

(B) राजप्रसादों में

(C) तहखानों में

(D) खेतों में, खलिहानों में

ANS – (D)

27. कवि के अनुसार सोने का ताज पहनकर कौन इठला रही है?

(A) देश की जनता

(C) भारतमाता

(B) देश की मिट्टी

(D) देवी-देवता

ANS – (B)

28. राष्ट्रकवि दिनकर जयंती मनाई जाती है?

(A) 23 सितम्बर

(C) 23 नवम्बर

(B) 23 अक्टूबर

(D) 23 दिसम्बर

ANS – (A)

29. राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर प्रमुख कवि हैं-

(A) उत्तर छायावाद के

(B) प्रगतिवाद के

(C) प्रगति

(D) इनमे से कोई नहीं

ANS – (A)

30. रामधारी सिंह दिनकर कहाँ के रहने वाले थे?

(A) उत्तर प्रदेश के

(B) मध्य प्रदेश के

(C) राजस्थान के

(D) बिहार के

ANS – (D)